हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

11 जल चौपाल : जल कर्मचारियों ने व्यवस्था मजबूत बनाने पर...



12 समाज की असली पहचान उनके नवाचार से होती है : चंद्राकर



मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
एल ई डी टी.वी. फ्रिज वाशिंग मशीन कूलर पंखा दीवान (पलंग) अलमारी ड्रेसिंग डायनिंग टेबल सोफा सेट
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*

## नवरात्रि विशेष

### अष्टमी : महागौरी



महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है। आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं। देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया। इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-
श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

### गुरुवार को हुई हल्की बारिश से धान को नुकसान से विभाग ने किया इंकार

# संग्रहण केंद्रों में रखे लाखों टन धान की सुरक्षा ताक पर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मौसम के करवट बदलने से जिले के संग्रहण केन्द्रों में रखे लाखों क्विंटल धान की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। शुक्रवार को चिटौद संग्रहण केन्द्र का हरिभूमि टीम ने जायजा लिया तो यहां लगाए गए धान के अधिकांश स्टेक खुले में नजर आए। हालांकि तेज हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी से धान के भीगने की शिकायत नहीं है लेकिन तेज बारिश हुई तो धान को भारी नुकसान हो सकता है।

जिले में चार संग्रहण केन्द्र हैं जिसमें 28 लाख क्विंटल से अधिक धान भंडारण की क्षमता है। सन 2021, 22 के बाद संग्रहण केन्द्रों में धान का भंडारण नहीं हुआ। इस दौरान उपार्जन केन्द्रों से धान सीधे राइस मिलों को सप्लाई होती थी। इस साल सरप्लस धान खरीदी होने से चारों भंडारण केन्द्र में 247348.34 टन धान का स्टाक किया गया है। चिटौद संग्रहण केन्द्र में 82 हजार टन भंडारण क्षमता है। यहां धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर से धान का भंडारण 76255.88 टन किया गया है।

भाठागांव (कुरूद) के संग्रहण केन्द्र की क्षमता 1 लाख टन की है। भाठागांव में धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, मोहला, मानपुर, अम्बागढ़ चौकी से 72724.14 टन धान का भंडारण किया गया है। भोयना संग्रहण केन्द्र की क्षमता 60 हजार टन की है। भोयना में धमतरी, कोंडागांव, नारायणपुर जिले से 56873.01 टन धान का भंडारण हुआ है। इसी तरह जवरगांव संग्रहण केन्द्र में 42 हजार टन धान भंडारण की क्षमता है। धमतरी और कोंडागांव जिले के उपार्जन केन्द्रों से जंवरगांव में 41495.31 टन धान का संग्रहण हुआ है। जिले के चारों भंडारण केन्द्रों में 2 लाख 47 हजार 348.34 टन धान का संग्रहण है।

चिटौद भंडारण केन्द्र के असिस्टेंट फील्ड अधिकारी विशाल वाल्टर ने बताया कि कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, धमतरी के उपार्जन केन्द्रों से 7.60 लाख क्विंटल धान का संग्रहण किया गया है। संग्रहण केन्द्र में कुल 654 स्टेक हैं। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग से सूचना मिलने पर सभी स्टेक को पाल से कवर किया गया था। गर्मी में धान के स्टेक पर पाल को ढंकने से धान की क्वालिटी खराब हो जाती है इसलिए स्टेक के पाल को ढंका नहीं गया है। चिटौद में हवा के साथ बूंदाबांदी हुई जिससे धान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। धान स्टेक में पाल कवर लगाने के लिए 8.8 मजदूरों का 5 ग्रुप है।

### रायगढ़ से 200 कैप कवर की मांग

जिला विपणन अधिकारी सुनील सिंह राजपूत ने बताया कि 2021, 22 के बाद 2025, 26 में संग्रहण केन्द्रों में धान का भंडारण किया गया है। जिले में कैप कवर पर्याप्त मात्रा में है। फटे पुराने कैंप के बदले रायगढ़ से 200 कैप कवर की मांग की गई है। गर्मी में कैप कवर लगाने से धान में उमस आने से क्वालिटी खराब होती है। बारिश के पहले मौसम विभाग की सूचना पर कैप कवर लगाया जाता है। बारिश के दिनों में कैप कवर 24 घंटों लगा रहता है। हल्की बारिश एवं बूंदाबांदी से किसी भी भंडारण केन्द्रों में धान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। उन्होंने बताया कि संग्रहण केन्द्रों से मिलिंग के लिए धान का उठाव ई-आक्शन से होगा। 17 अप्रैल से ई-आक्शन की प्रक्रिया शुरू होगी।

# एक हाईवा और एक जेसीबी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के सख्त निर्देश के बाद रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। दो अप्रैल को विभाग के अधिकारियों ने एक हाइवा और एक जेसीबी मशीन को अवैध रेत के मामले में जब्त किया है। जिले के खनिज अधिकारी हीरादास भारद्वाज ने बताया कि मगरलोड तहसील के मेघा क्षेत्र में अवैध रेत भण्डारण करते हुए एक जेसीबी मशीन और एक हाइवा को जब्त कर मंडी परिसर कुरूद में रखा गया है। श्री भारद्वाज ने बताया कि इन सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज अधिनियम, गौण खनिज नियम के प्रावधानों के तहत अर्थदण्ड वसूली की कार्रवाई की जा रही है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969



## खबर संक्षेप



### अभिलाषा का नवोदय विद्यालय कुरूद में चयन

**अंवरी।** ग्राम सिलीडीह की अभिलाषा दीवान का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद के लिए हुआ है। वह कांतु दीवान एवं शीला दीवान शिक्षिका की पुत्री है। एसपी आंजनेय वार्ष्णेय और एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने उन्हें मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस उपलब्धि पर रुचि देवांगन सरपंच, उपसरपंच रामविशाल साहू, कुश, लव, कमलनारायण, कुलेश्वर देवांगन, जितेंद्र यादव, गणेश देवांगन, भानु, ओम, कुशल, तिरिथ, खेलू, कंवर, ललित, प्रीतम, भीम, राजकुमार, छोटू, राजू, रामानंद, उमाशंकर, डायमंड, नोहर शिक्षक और प्राचार्य गणेश्वर वेदप्रकाश ने हर्ष जताया है।

### राजमिस्त्री संघ के आनंदराम अध्यक्ष बने

**नगरी।** घठुला जोन में अंगिरा ऋषि राजमिस्त्री भवन निर्माण मजदूर संघ का पुनर्गठन किया किया। सर्व सम्मति से जोन संरक्षक नंद कुमार मरकाम रतावा, अध्यक्ष आंनदराम यादव फरसगांव, उपाध्यक्ष शत्रुघन साहू घठुला, सचिव शशिभूषण नेताम, सहसचिव तेज कुमार प्रजापति घठुला, कोषाध्यक्ष अर्जुन साहू गिधावा बनाए गए।

### बोरिदखुर्द में रामधुनी प्रतियोगिता जारी

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम बोरिदखुर्द में चैत्र नवरात्रि पर मां शीतला मंदिर में जोत जंवारा एवं छह दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रथम पुरस्कार 5001 रू., द्वितीय 4001 रू., तृतीय 3001 रू., चतुर्थ 2001 रू., पंचम 1001 रू. एवं छटवां पुरस्कार 750 रू. रखा गया है। प्रत्येक मंडली को सांत्वना राशि 6001 रूपए दी जायेगी। 1 अप्रैल को श्री श्रद्धा सुमन रामधुनी मंडली बकली कुरूद द्वारा भक्त प्रहलाद, हिरण्यकश्यप वध, 2 अप्रैल को सिया की रामधुनी मंडली सोहतरा बालोद बाली उद्धार, 3 अप्रैल को जय मां शीतला रामधुनी मंडली परसाही लाटाबोड़ द्वारा सीता परित्याग, 4 अप्रैल को राधाकृष्ण मंडली मारदापोटी नगरी द्वारा श्रवण कुमार की कथा सुनाई गई। 5 अप्रैल को जय मां कर्मा रामधुनी मंडली गुजरा द्वारा मोरध्वज कथा, 6 अप्रैल को जय मां सरस्वती संगम मंडली भरींगांव पुरूर द्वारा सीता हरण की कथा सुनाई जायेगी। आयोजन में बाल नाट्य कला मंडली बोरिदखुर्द के अध्यक्ष चोलन सिन्हा, कोषाध्यक्ष गैंदलाल, सचिव किशनलाल पटेल, मैनेजर नारायण सोनवानी जुटे हैं।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

// ईश्तहार //

सर्व साधारण आम जनता सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भारतेन्द्र साहू पिता बसंत कुमार साहू निवासी ग्राम व पोस्ट कुण्डेल तहसील मगरलोड जिला धमतरी के द्वारा पैतृक संपत्ति ग्राम नवागांव ग्राम कुण्डेल के संबंध में अपने पिता बसंत कुमार वल्द उमराव साहू एवं सहखातेदार देवेन्द्र पिता बसंत, रोशन पिता बसंत, निवासी ग्राम कुण्डेल के विरूद्ध माननीय व्यवहार न्यायाधीश कुरूद के न्यायालय में व्यवहार वाद क्रमांक 45 अ/25 प्रस्तुत किया है जो सुनवाई दिनांक 11/04/2025 को नियत है। उक्त वाद में प्रतिवादी की हैसियत से बसंत वल्द उमराव वगैरह पक्षकार है तथा वादग्रस्त संपत्ति नवागांव स्थित खसरा नंबर क्रमशः 283, 289/1, 817, 819, 820 रकबा कमशः 0.21, 0.16, 0.39, 0.34, 0.35 एवं ग्राम कुण्डेल स्थित ख.नं. 160, 996/1, 1000 रकबा क्रमशः 0.57, 1.00, 0.13 हे. एवं खसरा नंबर 126, 128/2, 984/4, 1129/1, रकबा 0.36, 0.32, 0.12, 0.40 हे., ख.नं. 996/2, रकबा 0.49 हे., खसरा नंबर 497/2, 498 रकबा 0.01, 0.04 हे. एवं खसरा नंबर 187/6 रकबा 0.38 हे. भूमि स्थित है। जिस पर वादी/मेरे पक्षकार का 1/4 अंश निहित है तथा प्रतिवादीगण उपरोक्त भूमि को बिक्री करने का प्रयास कर रहा है। कोई भी व्यक्ति संस्था दर्शित खसरा नंबर की भूमि को क्रय न करे। इस प्रकाशन के बाद यदि कोई भी व्यक्ति संस्था क्रय करता है तो वह लंबित वाद में प्रतिवादी के हैसियत से पक्षकार के रूप में संयोजित किये जायेंगे तथा उसे बिक्री पत्र से कोई स्वत्व प्राप्त नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

भवदीय
विपिन पवार अधिवक्ता
गोकुलपुर पूर्व रुद्री रोड
धमतरी जिला धमतरी
मो. 9425518016, 8319826724

परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी का वार्षिक सम्मेलन व सम्मान समारोह संपन्न

# समाज की असली पहचान उनके नवाचार से होती है : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

किसी भी समाज की पहचान केवल अधिक जनसंख्या एवं भवनों से नहीं होती है। बल्कि असली पहचान उस समाज द्वारा किये जा रहे नवाचार से होती है। साहू समाज भी बेटी-रोटी से ऊपर उठकर समाजिक कुरीतियों को दूर करते हुए अपनी शैक्षणिक व आर्थिक मजबूती के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करें। उक्त बातें कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने साहू समाज को संबोधित करते हुए कही।

गुरुवार को परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी (पचपेड़ी) ने ग्राम रामपुर में वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व समाज में विशेष स्थान रखने वाले युवा व बुजुर्गों का सम्मान किया। इससे पहले समाज की महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर संत माता कर्मा की पूजा-अर्चना की। 12 गांवों से पहुंची महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई।



समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक चंद्राकर ने कहा कि बदलते परिवेश में अब हर समाज को एक समान माना जा रहा है बड़ा छोटा का भेदभाव नहीं है। लेकिन जहां भी जाता हूं हर समाज द्वारा केवल भवन निर्माण की मांग होती है, किसी ने शिक्षा व स्वास्थ्य की दिशा में आज तक मांग नहीं की।

इस अवसर पर सतीश जैन उपाध्यक्ष जपं कुरुद, डिगेश्वरी देवांगन जनपद सदस्य, जिला उपाध्यक्ष द्वय तोरण साहू एवं केकती साहू, तहसील अध्यक्ष भखारा कामता साहू, उपाध्यक्ष द्वय मीलू राम साहू, दमयंती साहू, कोषाध्यक्ष गणेश साहू, सरंक्षक नन्दकुमार साहू, सचिव भोलाराम साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष गिरधारीराम साहू, सचिव चोवाराम साहू, सविता चोवाराम गंजीर, ओम साहू, ऋषि साहू सरपंच, नेहरू निषाद, पुरुषोत्तम निषाद समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



### फिजूलखर्ची रोक बचत का सही उपयोग करें समाज

विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि मैंने विधानसभा अंतर्गत आने वाले सभी परिक्षेत्र के लिए 10-10 लाख के भवन स्वीकृत किये हैं लेकिन भवनों से ही किसी समाज की मजबूती नहीं दिखेगी। समाज मजबूत तब दिखेगा जब आप सब इसका सकारात्मक उपयोग करेंगे। आप सबको परिवार के साथ समाज के स्थायी शैक्षणिक व आर्थिक मजबूती की ओर कदम बढ़ाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहू समाज के जिला अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने समाज द्वारा बनाये गए नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने व फिजूलखर्ची रोककर उस बचत का उपयोग सही कार्यों में लगाने की बात कही। विशिष्ट अतिथि गीतेश्वरी साहू ने सामाजिक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी, बच्चों को सही शिक्षा व संस्कार देने के साथ उनके संरक्षण के लिए सजग रहने की बात कही।

# अटंग में कर्मा मंदिर का स्थापना दिवस मना






■ बुजुर्गों, होनहार छात्रों व पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम अटंग में बुधवार को साहू समाज के तत्वाधान में माता कर्मा मंदिर के स्थापना दिवस को वार्षिक उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया। सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम माता कर्मा का विधिवत पूजन कर माताओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर सुबह 11 से 2 बजे तक पूरे गांव में कलशयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधेश्याम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ कुरूद थे। अध्यक्षता टेकराम साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज अटंग ने की। विशेष अतिथि विरेंद्र कुमार साहू संरक्षक नवागांव, गायत्री साहू महिला उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ कुरूद थे। ज्ञात हो कि 2 अप्रैल 2014 को संत माता कर्मा मंदिर की स्थापना हुई थी। अतिथियों ने माता कर्मा के चरित्र का वर्णन कर उनके द्वारा बताए भक्ति के मार्ग पर चलने की बात कही। साथ ही समाज को मजबूत बनाने की दिशा में आगे बढ़ने सहित शिक्षा एवं संस्कार पर जोर दिया। कार्यक्रम में दसवीं एवं बारहवीं के होनहार विद्यार्थियों, समाज के 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गजनों का भी सम्मान किया गया। मंच संचालन सचिव धूषण लाल साहू ने किया।

इस अवसर पर निरंजन साहू, भागवतराम साहू, किशनलाल साहू, विष्णुराम साहू, टेकराम साहू, पंचूराम साहू, सूरजभान साहू, रिशे कुमार, प्रकाश, रानू, विसंभर, रेखा साहू, कविता साहू सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### जामपानी स्कूल की प्रेरणा का नवोदय में चयन

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला जामपानी (कसपुर) की कुमारी प्रेरणा मरकाम पिता बलीराम मरकाम का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद सत्र 2025-26 के लिए हुआ है। उन्होंने सफलता का श्रेय प्रधानपाठक कृष्ण कुमार कोटेंद्र को दिया है। ज्ञात हो कि प्राथमिक शाला बरबांधा से 30 बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय और 20 बच्चों का चयन एकलव्य विद्यालय के लिए हुआ है। बच्ची के चयन होने पर प्रधानपाठक कृष्ण कुमार कोटेंद्र, सहायक शिक्षक रामसाय सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं उपसरपंच जीवनलाल कुंजाम ने हर्ष व्यक्त किया है।



# चने में सूखत होने पर समितियों को होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी

जिले की आठ समितियों के माध्यम से चने की खरीदी की जा रही है। किसान समर्थन मूल्य 5650 में बेचकर लाभ उठाकर काफी खुश हैं। परंतु चना खरीदी का भुगतान नहीं किया जा रहा है और न ही परिवहन की शुरुआत की जा रही है। चने में सूखत होने पर समितियों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। किसान समिति में आकर राशि की भुगतान करने कह रहे हैं। इधर परिवहन नहीं होने से चिंता बढ़ रही है। छाती समिति में 199 किसानों ने 90लाख से अधिक का चना बेच चुके हैं। समिति के नरेंद्र कुमार साहू ने शासन-प्रशासन से शीघ्र ही समस्याओं के निराकरण की मांग की है।



# मेडिकल रिलीफ फंड से की आर्थिक मदद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

संयुक्त शिक्षक कल्याण समिति कुरूद द्वारा संचालित मेडिकल रिलीफ फंड से पंजीकृत सदस्य राम निहोरा साहू शिक्षक की मां शाला चिंवरी संकुल सिर्री के आश्रित के लंबे समय से अस्वस्थ होने पर पंद्रह हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर संघ के ब्लाक अध्यक्ष हुमन चंद्राकर, कार्यकारी अध्यक्ष मनीष देव वर्मा, अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, उपाध्यक्ष हरीश निर्मलकर, रामनिहोरा साहू, पुरुषोत्तम साहू, विनय कुमार साहू, मनीष कुमार, रवि शंकर साहू, हेमन्त कुमार बंजारे, श्रीमती पुष्पा कुर्रे उपस्थित थे।

# महिला प्रकोष्ठ का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

मानिकपुरी पनिका (कोसरिया) समाज परिक्षेत्र कुरूद की सामाजिक बैठक रविवार को ग्राम नवागांव (उ) के सामुदायिक भवन में हुई। सर्वप्रथम संत शिरोमणि सद्गुरू कबीर साहेब के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा व आरती की गई। तत्पश्चात समाज के प्रमुखों द्वारा सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से समाज में आय के स्त्रोत को बढ़ाने सामाजिक नियम को मजबूती प्रदान करने पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय पारित हुआ।

तत्पश्चात आमिन माता महिला प्रकोष्ठ का गठन भी किया गया जिसमें श्रीमती विजय लक्ष्मी, श्रीमती अकलेश्वरी, श्रीमती सगुना, श्रीमती प्रतिमा, श्रीमती आशा, श्रीमती पूर्णिमा, श्रीमती सरस्वती, श्रीमती रूक्मणि, श्रीमती मालती की नियुक्ति हुई। बैठक में कुरूद ब्लाक के ग्राम नवागांव, उमरदा, कठौली, मरौद, सोनपुर, चरमुड़िया, दहदहा, कन्हारपुरी, सिरवे, धूमा, कुरूद, नवागांव (थुहा), भाठागांव, बगौद, परखंदा, भठेली, भोथली, गातापार, अछोटी, राखी, गुदगुदा, सेमरा, मुल्ले कोकड़ी के पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष किसनदास, सचिव निर्मलदास, कोषाध्यक्ष नारायण दास, उपाध्यक्ष अमोल दास, सरंक्षक नेमदास, सलाहकार सोनादास, रोहित दास, याददास शामिल रहे।



25 साल तक देश की सेवा कर घर लौटे रिटायर्ड फौजी का आत्मीय स्वागत

# हर फौजी अपनी जान हथेली पर लेकर चलता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

भारतीय थल सेवा में 25 साल की सेवा देने के पश्चात रिटायर हुए फौजी सूबेदार जीवनलाल साहू का गृह ग्राम बिरेझर में आत्मीय स्वागत हुआ। जैसे ही वह ग्राम के बस स्टैंड में पहुंचा, समूचा गांव अपने लाडले सपूत वीर जवान के स्वागत के लिए उमड़ पड़ा। डीजे की धुन पर नाचते हुए नौजवानों की टोली ने उन्हें ग्राम भ्रमण कराया। गांव में जगह- उनका आरती उतारकर पुष्प माल से उन्हें लाद दिया। सरपंच नेहा भूपेंद्र साहू और सभी पंचों ने उनका गुलाल लगाकर स्वागत किया। सूबेदार जीवनलाल साहू ने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि बीते 25 वर्षों में उन्होंने लद्दाख, कारगिल, मद्रास, जम्मू कश्मीर और कई बार सिविल एरिया में सेवा दी। मां भारती की सेवा करने के लिए कई बार दुश्मनों से डटकर मुकाबला किया और हर बार दुश्मनों को मुंह की खानी पड़ी। हर फौजी अपनी जान हथेली पर लेकर चलता है। उनकी हर सांस मां भारती के लिए होती है।



ज्ञात हो कि सूबेदार जीवनलाल साहू अंचल के हास्य व्यंग कवि एवं उद्घोषक निरंजन साहू का छोटा भाई है। उसने बताया कि बचपन से ही उसके भीतर देश सेवा का जुनून सवार था और अंततः अपने स्वप्न को पूरा कर वह सेवानिवृत्त होकर घर लौट आया।

इस अवसर पर धनसाय साहू, देवान साहू, नीलम राम साहू, पार्वती साहू, संगीता साहू, जमुना साहू, रमा साहू, परमेश्वरी साहू, गणेश साहू, बौद्धनारायण साहू, सोमेश साहू, सोहनलाल साहू, रमेश साहू, प्रणव, सारिका, रूपलाल साहू, जितेंद्र साहू, ललित साहू, विट्ठल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### मां शीतला के दरबार में जले आस्था के दीप



**जीजामगांव।** चैत्र नवरात्रि पर ग्राम मड़ेली के शीतला मंदिर दरबार में 149 दीप प्रज्ज्वलित किए गए है जिसमें घी के 6 दीप जलाए गए हैं। प्रतिदिन श्रद्धालु मां की जस सेवा कर रहे हैं। सेवागीत से मां को प्रसन्न किया जा रहा है। बुधवार को पंचमी पर मां शीतला को सोलह श्रृंगार श्रद्धालुओं ने अर्पण किया। गांव के देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की और गांव की सुख समृद्धि के लिए मां से प्रार्थना की। नौ दिनों तक शीतला मंदिर में भक्तों की भीड़ रहेगी। जोत की सुरक्षा के लिए मां के भक्त, पंडा जुटे हुए हैं। यह जानकारी बैगा निरंजन निषाद, पंचराम, डेरहाराम, सुखनंदन, रिखीराम, योगेश निषाद एवं निलेश ध्रुव ने दी है।

### शनिदेव मंदिर परिसर में ज्योति प्रज्ज्वलित



**सिर्री।** चैत्र नवरात्रि पर ग्राम कोकड़ी (नारी) के झम्मन बाबा के निवास में बने भगवान शनिदेव के मंदिर परिसर में उनके द्वारा ही ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया है। भक्त माता की सेवा में लीन है।

### साइकल से गए थे मां दंतेश्वरी का दर्शन करने लौटने पर किया गया स्वागत



**नगरी।** ग्राम भीतररास से संदीप शांडिल्य नवरात्र के प्रथम दिन साइकल से माता दंतेश्वरी दंतेवाड़ा के दर्शन के लिए गए थे। गुरूवार की शाम 5 बजे उनके वापस लौटने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। मौके पर सरपंच रेमंत शांडिल्य, उपसरपंच सुनील यादव, विनोद सेन, रमेश बोरझरिया, धर्मेंद्र रात्रे, सूरज यादव समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### घुरावड़ स्कूल के 6 बच्चों ने जिले के टॉप टेन में बनाई जगह



**नगरी।** एकलव्य आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा 2024-25 की मेरिट सूची जारी की गई है जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला घुरावड़ के 6 बच्चों ने जिले के टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया। युगांत कश्यप ने प्रथम रैंक, गोपीचंद वट्टी द्वितीय रैंक, रोमिक्षा नेताम तृतीय रैंक, भोजराज नेताम सातवां रैंक, सिदेश्वर कोर्राम आठवां रैंक, कौशल नेताम ने नौवा रैंक हासिल किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर संकुल समन्वयक एमके सोरी, प्रधानपाठक विक्रांत ठाकुर, सरपंच महेश नेताम, सचिव थानसिंह देवांगन, शिक्षक पीलूराम निषाद, रूमलाल किरसान, गंगाराम बांधे, मनीषा नागेश, अजीत कश्यप, सुरेंद्र नेताम, झमेश पटेल, खेमलाल भंसारे, तीरथ राम यादव, गोदावरी साहू व पालकगण एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

■ एकलव्य आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा की मेरिट सूची जारी

### आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई



**नगरी।** आवासपारा दुगली की आंगनबाड़ी में गोदभराई का कार्यक्रम हुआ। सुपोषण चौपाल कार्यक्रम अंतर्गत आवासपारा दुगली की आंगनबाड़ी में 3 माह की गर्भवती महिलाओं को अच्छी सेहत के लिए पोषण की आवश्यकता व महत्व के बारे में जानकारी दी गई। हरी सब्जियों की टोकरी भी दी गई। मौके पर वार्ड पंच वरूण देव नेताम, सुमित्रा नेताम, भाजपा बूथ अध्यक्ष आशाराम ओटी, मोनिका नेताम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोजिनी नेताम समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### शीतला मंदिर में जल रहे आस्था के ज्योत




**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम कुकरेल के शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर ज्योत जंवारा प्रज्ज्वलित किया है। पंचमी तिथि में शीतला मंदिर में भक्तों ने अपनी मनोकामना लेकर माता की पूजा-अर्चना की। माता की सेवा में ग्राम पुजारी भरोस नेताम जुटे हुए हैं। पंचमी पर माता का दर्शन करने भक्तों की भीड़ रही। शंकर सेन, गिरधारी सिंह, शानू पटेल, देवचरण सिंह, सौरभ साहू, कमलेश साहू, यमन साहू, सुशील, पंचूराम, मोतीराम, रामरतन, प्रवीण साहू का सहयोग मिल रहा है।

## अंचल की खबरें

### नान अध्यक्ष से मिले गोलछा, नाहटा



**नगरी।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव को नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा व पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा नगरी ने उनके रायपुर स्थित निवास पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट किया।

### सोनकर समाज ने किया प्याऊ केंद्र का शुभारंभ



**धमतरी।** धमतरी राज सोनकर समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्याऊ केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक यशोदा सोनकर, अध्यक्ष अनीता सोनकर, उपाध्यक्ष रूक्मणि सोनकर, कोषाध्यक्ष गणेशी सोनकर, डॉ. सरिता सोनकर सचिव, सदस्य सरस सोनकर, सीमा सोनकर, नंदिनी सोनकर, सरस्वती सोनकर, सीमा सोनकर, ज्योति सोनकर, सुनीता सोनकर की उपस्थिति रही।

### कोर्रा में शिव महापुराण कथा का समापन





**बगदेही।** ग्राम पंचायत कोर्रा में शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया। कथावाचिका कल्पना पांडे ने शिव भक्तों को शिवमहापुराण कथा की ज्ञान रूपी गंगा में डुबकी लगवाई। अंतिम दिवस महायज्ञ का आयोजन किया जिसमें बहुत से जोड़ों ने यजमान की भूमिका निभाई गई। भोलेबाबा की महाआरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। कथा का समापन हुआ।

### शीतला मंदिर में जल रही 40 मनोकामना ज्योति



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला में चैत्र नवरात्रि पर्व पर शीतला माता मंदिर में ज्योत जंवारा बोया गया है। भक्तों ने माता के प्रति अपनी आस्था, श्रद्धा प्रकट करते हुए मंदिर में 40 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की है। पंचमी तिथि पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया। ग्रामीणजन सेवा गीत गाकर माता की भक्ति में लगे हैं। माता की सेवा में पंडा बैगा काशी राम तारक (बैगा) और लोमस कुमार साहू लीन हैं।

### महतारी वंदन योजना का पोर्टल जल्द चालू होगा

**नगरी।** छत्तीसगढ़ सरकार की योजना महतारी वंदन का लाभ जिले की 235507 महिलाओं को मिल रहा है। पार्षद राजा पवार ने कहा कि योजना का लाभ मिलने से महिलाओं में खुशी की लहर है। 1000 रूपए प्रतिमाह उसके खाते में आ रहा है। महिलाएं इसका उपयोग निजी खर्च एवं घर की जरूरतों को पूरा करने में कर रही है। महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना मिल का पत्थर साबित हुई है लेकिन कुछ महिला अभी भी महतारी वंदन योजना से वंचित हैं। उनके लिए विष्णुदेव साय की सरकार महतारी वंदन योजना का पोर्टल बहुत जल्द चालू करेगी।



### बैंकिंग के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र मिला



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार में व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत बैंकिंग विषय में अध्ययनरत कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा अर्जुनी में दस दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया गया था। विद्यार्थियों ने दस दिनों तक बैंकिंग गतिविधियों की सैद्धांतिक और प्रायोगिक जानकारी प्राप्त की। इंटर्नशिप कार्यक्रम पूर्ण करने के बाद विद्यार्थियों को प्राचार्य डीएन साहू की उपस्थिति में व्यावसायिक प्रशिक्षक दीपशिखा तिवारी ने इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

### डीईओ को सौंपी कदम कार्यक्रम की वार्षिक रिपोर्ट



**धमतरी।** धमतरी जिले में समग्र शिक्षा के मार्गदर्शन और हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया संस्था के सहयोग से कदम कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य उन बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश विद्यालय छोड़ चुके हैं। कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को गणित, पर्यावरण, अंग्रेजी और हिंदी जैसे विषयों में उनके कौशल को सुधारने पर ध्यान दिया जाता है। इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों के औपचारिक ज्ञान और कौशल को बढ़ाने और शिक्षक-छात्र के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए तैयार किया गया है। वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से शाला त्यागी बच्चों का स्तर जानकर उनके भावनात्मक पहलुओं को समझा गया और थीम आधारित अधिगम के माध्यम से उनमें विद्यालय के प्रति उत्सुकता उत्पन्न की गई। संस्था के प्रतिनिधि राकेश कुमार सोनवानी ने रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले को सौंपी।

### कलेक्टर ने बंजारी-बगौद में निर्माणाधीन फूड पार्क का किया निरीक्षण

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कुरूद विकासखण्ड के बंजारी-बगौद में बन रहे फूड पार्क के कामों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस फूड पार्क में विकसित हो रही सुविधाओं की जानकारी अधिकारियों से ली। श्री मिश्रा ने फूड पार्क में बचे हुए निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने फूड पार्क में आबंटन के लिए शेष प्लाटों को औद्योगिक नीति के प्रावधानों के अनुसार उद्योगों की स्थापना के लिए छूट व अनुदान के साथ आबंटित करने को भी कहा। कलेक्टर ने मरौद के ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। श्री मिश्रा ने गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नये सर्वे के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने किसानों से फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने को कहा। श्री मिश्रा ने बताया कि आने वाले समय में किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्रेशन जरूरी रहेगा।

महापौर, जल सभापति ने दिए आवश्यक टिप्स, नहीं होगी नागरिकों को पानी की कमी

# जल चौपाल : जल कर्मचारियों ने व्यवस्था मजबूत बनाने पर दिया बल

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



शहर में जल आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने महापौर रामू रोहरा व जल सभापति नीलेश लुनिया की अध्यक्षता में जल अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जल चौपाल बुलाई गई, जिसमें जल प्रबंधन की दिशा में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सुझाव मांगे गए। साथ ही शहरवासियों को पानी की दिक्कत न हो, इसके लिए महापौर और जल सभापति ने आवश्यक टिप्स दिए। इस मौके पर प्रभारी सदस्य अखिलेश सोनकर भी उपस्थित थे। चौपाल में जल विभाग के कर्मचारी, पंप अटेंडर, पंप चालक, मिस्त्री, फिल्टर प्लांट के कर्मचारी व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

जल चौपाल में महापौर ने कहा कि नगर हित में अधिक मेहनत से कार्य करने की आवश्यकता है। पानी जनता के जीवन का अभिन्न हिस्सा है। व्यवस्था बेहतर बनाने सभी को समर्पित भाव से काम करना होगा। इस काम में यदि कोई समस्या आती है तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। जनता को पानी के लिए कोई समस्या न हो, इस बात का ख्याल रखा जाए। कार्यों में दक्षता और तत्परता लाकर जनता की शिकायतों का तत्काल निराकरण करें। समय पर मेंटेनेंस, जांच, साफ-सफाई, आपूर्ति की बाधा को रोका जाए।

जल विभाग सभापति नीलेश लुनिया, प्रभारी अखिलेश सोनकर ने कहा कि हमें नगर हित में निष्ठा और ईमानदारी से काम करना होगा। जल आपूर्ति सुचारू रूप से चले, इसकी व्यवस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस काम के लिए टीम वर्क जरूरी है।

बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पाइपलाइन लीकेज, पंपिंग स्टेशनों की स्थिति, जल वितरण व्यवस्था, शुद्धिकरण आदि मुद्दों पर सुझाव रखें। जिस पर महापौर ने जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। जल चौपाल के बाद महापौर ने जल विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर युगल यादव, विभा चन्द्राकर, हेमंत बंजारे, सतीश पवार, अज्जु देशलहरे, आशा लोधी, चंद्रभागा साहू, विशु देवांगन उपस्थित थे।

## गरम चाय गिरने से मासूम झुलसा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती



गिलास को खींचते समय उसमें रखी गरम चाय बच्चे के ऊपर गिर गया। घटना में मासूम झुलस गया है। परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी-देमार निवासी पोषणलाल साहू राजमिस्त्री का काम करता है। बीते दिनों पोषण काम पर चला गया था। घर में उसकी पत्नी व बच्चे थे। शाम को उसकी पत्नी ने चाय बना उसे गिलास में डालकर किचन के प्लेटफार्म में रख दिया था। इसी दौरान उसका छोटा बेटा लक्ष्य कुमार साहू उम्र 1 वर्ष चलते हुए किचन में पहुंच प्लेटफार्म में रखे चाय से भरे गिलास को अपनी ओर खींच रहा था। गिलास सहित गरम चाय बच्चे के ऊपर गिर गई। इस घटना में उसके बायें कंधे से लेकर कमर तक झुलस गया। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती किया गया है। चाय के गिरने से लक्ष्य 15 से 20 प्रतिशत तक झुलस गया है।

### लोहरसी स्कूल में 5वीं के बच्चों को दी विदाई

**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला बाजारपारा लोहरसी में कक्षा 5वीं के बच्चों को विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रकाशथे। बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जनपद सदस्य श्री पवार ने कहा कि छात्रों की पढ़ाई और समुचित विकास के लिए वे यथासंभव मदद करेंगे। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई पर पूरा ध्यान लगाने और मोबाइल से दूर रहने का आग्रह किया। श्री पवार ने शाला प्रांगण में बच्चों के लिए झूला लगवाने का आश्वासन दिया। शाला परिवार द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया।

## शहर के पांच स्थानों पर होगा आधुनिक सुविधाओं से लैस शौचालय का निर्माण

- सीसीटीवी कैमरा, सैनिटरी नैपकिन वेडिंग मशीन, बायो टायलेट उपलब्ध रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



शहर में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाते हुए पांच स्थानों पर आधुनिक सुविधाओं से लैस सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है जिसमें सीसीटीवी कैमरा, सैनिटरी नैपकिन, वेडिंग मशीन, बायो टायलेट, 24 घंटे पानी, बिजली, सफाई, कर्मचारी आदि उपलब्ध रहेंगे। यह टायलेट बड़े महानगरों की तर्ज पर बनेगा।

निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि शहर के विंध्यवासिनी मंदिर के समीप पुराना मवेशी बाजार के पास पिंक टायलेट का निर्माण किया जा रहा है जिसमें महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा बठेना वार्ड में एसएलआरएम सेंटर के पास, सोरिद वार्ड में बाबा डबरी के पास, नवागांव वार्ड में नवीन ओव्हरहेड टैंक के पास तथा पुलिस लाइन बठेना के पास आकांक्षीय शौचालयों का निर्माण चल रहा है। इन शौचालयों का निर्माण नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। महापौर रामू रोहरा ने बताया कि आधुनिक शौचालयों का निर्माण जल्द पूरा हो जाएगा। निर्माण कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है। शौचालयों को समय-सीमा में पूर्ण करने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। श्री रोहरा ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुविधाजनक बनाने हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। पिंक टायलेट महिलाओं के सम्मान और सुविधा के लिए एक सशक्त पहल है। आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरी क्षेत्र में सार्वजनिक सुविधाएं बढ़ाना एक अहम लक्ष्य है। इसी कड़ी में शौचालयों का निर्माण करवाया जा रहा है। शौचालय कुछ सप्ताह में तैयार हो जाएगा। इसके बाद नागरिकों की सुविधाओं के लिए 24 घंटे खुला रहेगा।

कुरूद नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## कुरूद में शुरू होंगे लॉ, नर्सिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कुरूद नगर पंचायत में चल रहे विकास कार्यों और अन्य सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर सबसे पहले जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव के साथ स्व. डॉ. खेतराम चन्द्राकर स्मृति पुस्तकालय (मिनी लाइब्रेरी) पहुंचे। सुबह-सुबह जिले के दो आईएएस अधिकारियों को अपने बीच पाकर लाइब्रेरी में पढ़ रहे विद्यार्थियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से मुलाकात की और उनकी पढ़ाई तथा परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। दोनों अधिकारियों ने विद्यार्थियों से लाइब्रेरी में सुविधाएं बढ़ाने और दूसरी समस्याओं के बारे में भी पूछा।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों की मांग पर लाइब्रेरी में पीएससी, एसएससी, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल आदि संस्थाओं की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उच्च गुणवत्ता का स्टडी मटेरियल और किताबें उपलब्ध कराने के निर्देश नगर पंचायत सीएमओ को दिए। लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए पीने के पानी और साफ-सुथरे शौचालय की व्यवस्था करने को भी कहा। कलेक्टर ने अपने छात्र जीवन के कई संस्मरण भी विद्यार्थियों को बताए।इसके बाद कलेक्टर ने कुरूद में शुरू होने वाले लॉ कॉलेज के लिए चयनित भवन और नर्सिंग कॉलेज के लिए चयनित भूमि का भी अवलोकन किया। उन्होंने लॉ कॉलेज के लिए चयनित मांगलिक भवन में साफ-सफाई कराने, टूट-फूट की मरम्मत कराने, दरवाजे-खिड़कियां लगवाने के साथ-साथ पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि इस शिक्षा सत्र से कुरूद में लॉ कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज संचालन शुरू करने की मंजूरी राज्य शासन द्वारा दी गई है।

### भखारा कोर्रा क्षेत्र में नवरात्रि पर्व की धूम




**कोर्रा(भखारा)।** कोर्रा क्षेत्र में इस वर्ष नवरात्रि पर्व पर देवी मंदिरों व गांव के शीतला मंदिरों में मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए हैं। चैत्र नवरात्रि श्रद्धा और भक्ति का पर्व है। देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योत जलाए जाते हैं। सेवा मंडलियों द्वारा जस गीत के माध्यम से देवी की पूजा आराधना की जाती है। गांवों में विविध कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। ग्राम रींवागहन में झम्मन शास्त्री का देवी भागवत चल रहा है। अनेक गांवों में जस गीत झांकी प्रतियोगिता हो रही है। चंडी मंदिर भखारा में 44 मनोकामना ज्योत, दंतेश्वरी मंदिर भठेली में 55, शीतला मंदिर भखारा 56, सूदन देवरी में 251, अमलीडीही 85, कोसमर्रा, 51, गुजरा 51, डोमा 35, रींवागहन 54, सत बहिनी दाई ग्राम दरगहन में 195 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए हैं।

## सीएसची मगरलोड में सफलतापूर्वक हुआ सिजेरियन प्रसव

- 3.3 किलोग्राम की स्वस्थ द्वितीय पुत्री रत्न की हुई प्राप्ति, जच्चा एवं बच्चा दोनों स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने ब्लॉक मगरलोड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विजिट दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूएल कौशिक को सख्त निर्देश दिया था कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मगरलोड में शीघ्र जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का ऑपरेशन कर सुरक्षित प्रसव कराया जाए। कलेक्टर के निर्देश का पालन करते हुए सीएमएचओ के निर्देशन में यहां एनीस्थिशिया विशेषज्ञ की व्यवस्था की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में पदस्थ गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. महेश शर्मा एवं एनेस्थिसिया चिकित्सक डॉ सौरभ भांडगे ने 4 अप्रैल को एक सिजेरियन प्रसव सफलतापूर्वक किया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शारदा ठाकुर ने बताया कि विगत वर्ष विकासखंड मगरलोड में लगभग 1916 प्रसव हुए हैं जिसमें से 37% जोखिम 739 गर्भवती माताओं का प्रसव संदर्भन पश्चात जिला अस्पताल एवं निजी अस्पतालों में सिजेरियन से हुआ है। अब सिजेरियन प्रसव का लाभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में भी मिलने लगा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में चिन्हांकित जोखिम गर्भवती श्रीमती सीमा साहू पति धर्मेंद्र कुमार साहू उम्र 28 वर्ष नवागांव निवासी अपना द्वितीय गर्भधारण प्रसव पूर्व देखभाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में करा रही थी। पेट में बड़ा बच्चा होने के कारण (सीपीडी) तथा बच्चे की गर्दन पर नाल फंसा हुआ था। सामान्य प्रसव से नवजात शिशु की जान को खतरा था। महिला का एचबी लेवल 10.8 ग्राम था। इस कारण सिजेरियन प्रसव कराने का निर्णय लिया गया। ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुआ। 3.3 किलोग्राम की स्वस्थ द्वितीय पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई। जच्चा एवं बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। सिजेरियन प्रसव पश्चात एक सामान्य प्रसव श्रीमती धनेश्वरी साहू ग्राम कोरगांव का हुआ। 2.5 ग्राम का स्वस्थ बच्चा प्राप्त हुआ।

डॉ यू एल कौशिक ने बताया कि विकासखंड मगरलोड की जोखिम गर्भवती महिलाओं के लिए सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है ताकि उन्हें निजी अस्पतालों में बड़े खर्च करके अपना प्रसव न कराना पड़े। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में यह सेवा निःशुल्क रहेगी। इस दौरान नगरपंचायत पार्षद सुरेश साहू , जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ प्रिया कंवर तथा सीपीएम अनामिका विश्वास भी उपस्थित थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में आयुष्मान वय वंदना कार्ड का जायजा लिया गया तथा 10 बिस्तर नवीन पोषण पुनर्वास केंद्र का भ्रमण किया गया। आवश्यक प्रबंधन में डॉशारदा ठाकुर, डॉ सौरभ भांडगे एनेस्थिसिया चिकित्सक, बीपीएम मनोज पटेल, स्टाफ नर्स नीता सोनबेर, महिमा प्रसनो, गीतेश, अंजु, प्रवीण का योगदान रहा।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा 14 को दुगली आएंगे

- संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती 14 अप्रैल को दोपहर 1 बजे नगरी ब्लाक के ग्राम दुगली में मनाई जायेगी। इस अवसर पर 2026-27 में देश में होने वाले परिसीमन सहित संवैधानिक, सांस्कृतिक, वन अधिकार कानून, पारंपरिक आयुर्वेद एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड होंगे। अध्यक्षता नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल व प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा होंगे। अति विशिष्ट अतिथि शिशुपाल शोरी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, खामसिंह मांझी उड़ीसा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, जीआर राणा पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग छग, अरुण सार्वा अध्यक्ष जिपं धमतरी, लोकेंद्र सिंह राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा, दिवाकर पेंदाम महाराष्ट्र राष्ट्रीय सचिव गोंडवाना गोंड महासभा, श्रीमती हिरासन उइके मप्र राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रभाग, श्रीमती कांति नाग राष्ट्रीय महासचिव महिला प्रभाग, सिडाम आरजू तेलंगाना राष्ट्रीय संरक्षक, कमलेश ध्रुव प्रांतीय उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छग, महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, शिवचरण नेताम संरक्षक गोंड समाज, उमेश देव अध्यक्ष सरपंच संघ नगरी, ललित ठाकुर अध्यक्ष गोंड समाज तहसील कुरुद, टिकेश्वर ध्रुव अध्यक्ष गोंडवाना समाज तहसील नगरी, सुरेंद्र ध्रुव अध्यक्ष गोंड समाज तहसील नगरी, रामेश्वर मरकाम सरपंच दुगली, बंशीलाल शोरी जिलाध्यक्ष वन ग्राम संघर्ष समिति होंगे। इस अवसर पर संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जायेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने की अपील अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष, गोंडवाना समाज सेवा समिति उप क्षेत्र दुगली के अध्यक्ष मायाराम नागवंशी ने की है।

## कलेक्टर से मिला ब्राम्हण समाज महिला मंच की सदस्य



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से ब्राम्हण समाज महिला मंच की सदस्यों ने मुलाकात की। उन्हें समाज द्वारा संचालित गतिविधियों से अवगत कराते हुए परशुराम जयंती, नवरात्र पर गरबा का आयोजन जैसे कार्यक्रमों की जानकारी दी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने समाज के कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति का आश्वासन दिया। मौके पर हेमलता शर्मा, बरखा शर्मा, आयुषी पांडेय, अंकिता मिश्रा, प्रतिमा पांडेय, नीलम शुक्ला, रानी पांडेय, सीमा चौबे, सरिता मिश्रा, वंदना शर्मा, हेमलता राजोरिया, ऋतु शर्मा, अनामिका शर्मा, साक्षी शर्मा, सपना पांडेय मौजूद थीं।

## प्रशासन ने ली रामनवमी आयोजन समिति की बैठक



**धमतरी।** रामनवमी आयोजन समिति की शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट हॉल में शासन प्रशासन द्वारा ली गई जिसमें सभी समाज के लोग व सनातन धर्मप्रेमी शामिल हुए। समिति के सदस्यों ने अपनी समस्या से प्रशासन को अवगत कराया ताकि विशाल शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# अड्डेबाजी कर रहे युवकों ने सफाईकर्मी पर किया हमला

## रमसगरी तालाब के पास की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रात्रि में घर लौट रहे सफाईकर्मी की रमसगरी तालाब के पास अड्डेबाजी कर रहे तीन युवकों ने मारपीट कर उस पर हथियार से हमला कर दिया है। शहर में क्राइम कंट्रोल करने पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस इन दिनों बाइक पेट्रोलिंग से शहर के गली कूचों तक पहुंच देर रात्रि अनावश्यक रूप से घूमने वाले, अड्डेबाजी करने वालों को चेतावनी देकर खदेड़ रही है। इसके बावजूद शहर में अड्डेबाजी व चाकूबाजी की घटना कम नहीं हो पा रही है। बुधवार की रात्रि सुभाष नगर वार्ड में मामूली बात को लेकर जीजा ने साले के गले में चाकू उतार दिया। बीते तीन दिनों में शहर के अलग-अलग स्थानों से धारदार चाकू लहराने की घटना सामने आई है। इसी क्रम में बीते दिनों एक सफाईकर्मी के साथ अड्डेबाजी कर रहे तीन युवकों ने मारपीट की। प्रदीप बंजारे पिता महेश उम्र 24 वर्ष रामसागरपारा निवासी एक निजी अस्पताल में सफाई का काम करता है। देर रात्रि युवक अपने बच्चे के लिए डायपर खरीदकर घर जा रहा था।

इसी दौरान रमसगरी तालाब के छोटे गेट के पास अड्डेबाजी कर रहे झुम्मु नवापारा वार्ड निवासी ने युवक को रोककर किसी से बात करने उसका मोबाइल मांगा। मोबाइल देने पर नंबर डायल कर झुम्मु देर तक बात कर रहा था। मोबाइल को वापस मांगने पर झुम्मु ने धारदार हथियार से प्रदीप पर हमलाकर दिया। वहीं झुम्मु, बंटी गौतम व उसके अन्य साथियों ने प्रदीप के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। प्रदीप के मोबाइल भी अपने पास रख लिया। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी झुम्मु, बंटी गौतम व उनके अन्य साथियों के खिलाफ धारा 115/2, 296, 315, 351/3 बीएनएस के तहत अपराध दर्जकर विवेचना में लिया है।

## अवैध होर्डिंग्स और पोस्टर हटाए गए

धमतरी। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर उपायुक्त पीसी सार्वा के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शहर में अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स और पोस्टरों को हटाने की कार्रवाई की। यह विशेष अभियान सोरिद, रत्नाबांधा चौक से मकई चौक तक चलाया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों और बिजली के खंभों पर लगे अवैध पोस्टर और बैनर न केवल शहर की सुंदरता को बिगाड़ रहे थे, बल्कि यातायात में भी बाधा उत्पन्न कर रहे थे। अभियान के दौरान नगर निगम कर्मचारियों ने करीब 200 अवैध पोस्टर हटाए। नगर निगम ने आम नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार अवैध रूप से होर्डिंग, बैनर या पोस्टर न लगाएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध होर्डिंग्स लगाने वालों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
स्त्री एवं पुरूष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
निःसंतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
बढ़ती उम्र की वजह से निःसंतानता का इलाज
फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई, 15 जुलाई से 25 जुलाई, 27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार - 1 तोला, 5 नग - सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार - 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार - 2 नग - रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार - 3 नग - LED TV
सांत्वना पुरस्कार - 1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्त : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

आदिशक्ति मां अंगारमोती
के पावन धरा में पधारे सभी श्रद्धालु भक्तजनों का
हार्दिक स्वागत.. वंदन.. अभिनन्दन
आज महाअष्टमी हवन एवं विशेष भंडारा
संध्या 3 बजे से हवन पूजन प्रारम्भ
संध्या 6 बजे से विराट भंडारा का आयोजन होगा
विराट भण्डारा के सहयोगकर्ता
. श्री दीपक जैन धमतरी
. बंटी मरकाम रूद्री धमतरी
. विमला संगीता साहू कोर्रा भखारा
. वैभव इंफ्रा बिल्डकाम धमतरी
. अनिल वाधवानी नगरी
. सिद्धी सर्विस कंवर भखारा
. रोमी सावलानी धमतरी
. पुष्पेन्द्र चन्द्राकर रूद्री
. नेताम फ्यूल्स देवकोट पलारी
. देव कोठारी धमतरी
. चमन सुरेखा ध्रुव धमतरी
. शिवकुमारी साहू बठेना धमतरी
. यश्विन मेहुल ध्रुव मुड़पार कांकेर
. देवेन्द्र कुमार देवांगन लालपुर खैरागढ़
. आयुषी सार व परिवार बालाजी नगर कुरूद
माँ अंगारमोती ट्रस्ट ने समस्त माता भक्तों से अपील की है कि जिन्होंने मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित करवाएं है, और विशेष भंडारा सहयोगकर्ता यज्ञ हवन में समय पूर्व मंदिर परिसर में अपनी उपस्थिति देवें।
विनीत - आदिशक्ति माँ अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल, जिला - धमतरी (छ.ग.)